पंजीकरण संख्या 982/2017

श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति

साथिनी, इगलास/राया, मथुरा

।। संस्था की सदस्यता लेने के लिए नियम व शर्तें निम्नलिखित हैं।।

संस्था की सदस्यता कौन ले सकता है :–

1. कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से अधिक की आयु का हो।
2. जिस पर किसी प्रकार का कोई आरोप या प्राथमिकी दर्ज नहीं हो।
3. जो समाज की सेवा करने का इच्छुक हो।
4. जो दूसरों की परेशानी को अपनी परेशानी समझकर उसे सुलझाने की कोशिश करे।

सदस्यता प्राप्त करने के लिए किन–किन दस्तावेजों की जरूरत है :–

1. सदस्य के हाल में खिंचवाए हुए दो फोटो।
2. सदस्य की एक आईडी प्रूफ व एड्रेस प्रूफ।
3. फॉर्म पर किसी एक सदस्य के हस्ताक्षर होना अनिवार्य हैं जो आपको जानता हो।

सदस्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन कैसे करें :–

1. आप संस्था के पदाधिकारियों से आवेदन फार्म लेकर उसके सभी कालम भरकर, फॉर्म के साथ जरूरी दस्तावेज लगाकर उसे डाक द्वारा संस्था के पते पर भेजें या किसी भी पदाधिकारी को दे सकते हैं।
2. आवेदन फॉर्म के साथ संस्था को कम से कम 100 रुपये प्रतिमाह का सदस्यता शुल्क देय होगा। सदस्यता शुल्क चेक या ऑनलाइन या बैंक खाते में जमा करवाना होगा।
3. आप अपनी एक पूरी टीम भी बनाकर भेज सकते हैं। अगर आप टीम बनाकर भेज रहे हैं तो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव, कोषाध्यक्ष को अवगत कराएं।
4. आप संस्था की मेल आईडी, व्हाट्सअप व कार्यालय में भी आवेदन जमा कर सकते हैं।

सदस्यता प्राप्त करने के बाद आपका कार्य क्या होगा :–

1. आप अपने आसपास गरीबों, मजबूरों, जरूरतमंदों आदि के लिए कार्य करेंगे व उसकी जानकारी संस्था के अध्यक्ष को देंगे।
2. यदि आप संस्था की ओर से किसी को कोई पत्र लिखते हैं तो उसकी प्रति संस्था को भेजें ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके।
3. अखबार में खबर आदि लगवाने के बाद उसकी जानकारी भी संस्था को भेजें ताकि उसे संस्था के सोशल मीडिया पेज आदि पर पोस्ट किया जा सके।
4. किसी भी प्रोग्राम को करने से पहले एक बार सलाह जरूर ले लें ताकि आपको संस्था की भी मदद मिल सके।
5. किसी भी परेशानी से बचने के लिए संस्था के अध्यक्ष से संपर्क करते रहें।

सदस्यता कैसे रद्द हो सकती है :–

1. आपकी शिकायत लगातार प्राप्त होने पर आप पर कार्रवाई के साथ आपको संस्था से तुरंत निकाला जा सकता है।
2. अपनी जानकारी लगातार 3 माह तक न देना, बैठकों में शमिल न होना, संस्था के खिलाफ जाकर कार्य करना आदि।
3. सदस्यता या उच्च पद प्राप्त करने के लिए अपनी झूठी जानकारी देना।
4. संस्था को बदनाम करना या इसी प्रकार का कोई कार्य करना जिससे संस्था की बदनामी हो।
5. किसी प्रोग्राम में अपना आर्थिक योगदान न देना व दूसरों को भी योगदान देने से रोकना या दूसरों से संस्था के लिए योगदान न दिलवाना आदि।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप हमसे इन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं :– शिव कुमार सोनी– +91 9808752352, 80771 39905, योगेश कौशिक– 9457405667, डा. नितिन हिंडोल– 9758355840, तनुज गर्ग– 9719232858, पवन हिंडोल– 9456667905, यतेन्द्र प्रताप सिंह– 9808972816, हरेन्द्र सोनी–9058727221।
E-mail : rotibankshrimurliwala@gmail.com

पंजीकरण संख्या 982/2017

श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति

साथिनी, इगलास/राया, मथुरा

सदस्यता फार्म

फोटो

नाम .... पिता/पति का नाम ....

शिक्षा .... जन्मतिथि .... आयु.......................

व्यवसाय .... मोबाइल नंबर ....

दिनांक .... आधार कार्ड संख्या ....

पता ....

थाना .... जिला .... राज्य .... राष्ट्रीयता ....

सदस्यता मासिक ☐ वार्षिक ☐

शपथ पत्र

मैं.. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री.. शपथ लेता, लेती हूं कि उपरोक्त श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति (पंजी.) संस्था की सदस्यता अपनी मर्जी से ग्रहण कर रहा/रही हूं। मैं, संस्था के संविधान का हमेशा पालन करूंगा/करूंगी। संस्था के संविधान का कभी उल्लंघन नहीं करूंगा/करूंगी। मैं, संस्था की निःशुल्क सेवा करूंगा/करूंगी। मैं, कोई भी ऐसा कार्य नहीं करूंगा/करूंगी जिससे उपरोक्त संस्था को कोई हानि हो। अगर मैं कोई गलत काम करता, करती हूं तो उसका/उसकी जिम्मेदार मैं स्वयं होऊंगा/होऊंगी। संस्था के अध्यक्ष मुझे उसी समय निकाल सकते हैं। मैं, वचन देता/देती हूं कि देश की एकता, अखंडता को कायम रखने के लिए हमेशा कार्य करूंगा/करूंगी। मैं, संस्था के कार्यक्रमों में हमेशा भाग लूंगा/लूंगी व आर्थिक मदद करूंगा/करूंगी व दूसरों से भी संस्था की मदद करने के लिए कहूंगा/कहूंगी। मैं, संस्था द्वारा किए जाने वाले समाज सेवा व जन कल्याण के कार्यक्रमों के लिए हमेशा साथ रहूंगा/रहूंगी। मैं, अपने सामाजिक कार्य का ब्यौरा समय–समय पर अध्यक्ष को देता रहूंगा/रहूंगी। यदि मैं, लम्बे समय तक बैठकों में भाग नहीं लेता अर्थात बिना बताए तीन महीने तक बैठक में भाग नहीं लेता तो मेरी सदस्यता बिना बताए रद्द कर दी जाए।

आपसे प्रार्थना है कि मेरा आवेदन पत्र स्वीकार कर लिया जाए और संस्था के सदस्य के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए।

सत्यापित करने वाले सदस्य के हस्ताक्षर

नाम ....

पद ....

आवदेक के हस्ताक्षर

रोटी बैंक ...भूखा न रहे कोई